हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री


12 अटल टिंकरिंग लैब के सुदृढ़ीकरण व इनोवेशन ...





12 पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पठन प्रोत्साहन सप्ताह का...















## मांग: लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

# वेतन विसंगति सहित 5 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों ने वेतन विसंगति सहित निराकरण की मांग करते हुए 05 सूत्रीय अन्य मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से लिपिक संवर्गों के वेतनमानों में निरंतर क्षरण को दूर करने तथा लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के सामान्य हितों का संरक्षण एवं लिपिकों के हितों के लिए लिपिक संघों द्वारा निरंतर संघर्ष किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा लगभग सभी वर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन विसंगति का मामला निराकृत किया जा रहा है।




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिपिक संवर्गों के वेतनमान के निराकरण करने हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित की गई। समिति द्वारा अनुशंसित अनेक संवर्गों के वेतनमानों का उन्नयन कर निराकरण किया गया किन्तु जिस संवर्ग (लिपिक) के लिए समिति का गठन किया गया समिति द्वारा अनुशंसा के पश्चात भी लिपिकों के वेतनमानों में उन्नयन नहीं किया गया। उक्त समिति द्वारा जिन संवर्गों के वेतनमान के उन्नयन के लिए अनुशंसा नहीं भी की गई थी उन संवर्गों के वेतनमानों का उन्नयन शासन द्वारा किया जा चुका है। जिसके कारण लिपिक संवर्ग में कुंठा एवं निराशा का वातावरण निर्मित हो रहा है। यदि शिक्षकों एवं लिपिकों के वेतनमान का तुलनात्मक अध्ययन किया जाये तो विगत 35-36 वर्षों से लिपिकों के वेतन में विसंगति है। संघ ने निवेदन किया है कि लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर कराने हेतु आवश्यक पहल करने के साथ ही लिपिकों की अन्य 06 बिंदुओं की वर्षो से लंबित मांगों का निराकरण करें।



### मांगों को लेकर लिपिकों ने सौंपा ज्ञापन

**बागबाहरा।** छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा बागबाहरा द्वारा संघ के प्रांतीय आह्वाहन पर लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के वेतन विसंगति सहित 7 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक दिलीप सेन, अध्यक्ष आरके बुनकर, उपाध्यक्ष एसके हंस, लिपिकगण महेश्वरी साहू, कल्पना तिर्की, भूमिका साहू, नेहा चंद्राकर, नयन मिश्रा, हेमलता नामदेव, ज्योति दीवान, कमलेश्वरी नेताम, राजकुमारी नागेश, सुनीता साहू, शैलेंद्री साहू, संतोष यादव, तेज सिंह ठाकुर, अखिलेश दीवान, धनेंद्र गिरी, आकाश तांडी, सीताराम पटेल, हितेश साहू, प्रेमशंकर चौहान, गोवर्धन बघेल, संतोष साहू, शिव ध्रुव, गुलाब दीवान, हेमराज ध्रुव, राजेश परधान, ओम प्रकाश ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## शहर के अस्थाई पटाखा दुकानों की हुई नीलामी, नीलामी से पालिका को हुई 1.62 लाख की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली पर्व के लिए शुक्रवार को नपाध्यक्ष सभाकक्ष में अस्थाई पटाखा दुकानों की लॉटरी सिस्टम से नीलामी की गई। उक्त नीलामी से पालिका को कुल 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई। नगर पालिका के उप अभियंता अमन चंद्राकर की उपस्थिति में अस्थाई पटाखा दुकान के लिए इच्छुक लायसेंसी पटाखा व्यापारियों को लाटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन किया गया। राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष पटाखा दुकान लगाने के लिए राजस्व शाखा में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 54 आवेदकों द्वारा शुल्क का भुगतान किया गया। इस वर्ष प्रति दुकान के आबंटन में शुल्क में 500 रुपये की वृद्धि करते हुए 3000 प्रति पटाखा दुकान निर्धारित किया गया था। इससे पालिका को 1 लाख 62 हजार रुपए की आय हुई है। आबंटन के दौरान दिलीप चंद्राकर, सीताराम तेलक, नौशाद बक्श के अलावा राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व पटाखा व्यपारी उपस्थित रहे।






# 3 दिन से कोमा गांव में फैला है डायरिया, 49 लोग बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के खल्लारी विधानसभा के ग्राम कोमा में डायरिया की शिकायत सामने आई है। पिछले 3 दिन से यहा लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत हैं। तकरीबन 49 लोगों को बागबाहरा अस्पताल तथा कुछ को महासमुंद जिला अस्पताल सहित एक गंभीर मरीज को रायपुर भी रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अब तक 49 लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत सामने आई है। ग्राम के पंचायत भवन में चंद्रकुमार दीवान व नंदू दीवान को ड्रिप भी लगाया गया। मनोत्री बाई पति श्यामो को महासमुंद से रायपुर रेफर किया गया है, उसी प्रकार कई मरीज स्वेच्छा से महासमुंद के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुए हैं और कई लोग बागबाहरा में भर्ती हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि बाजार के पास और पानसिंह के घर के पास नल चालू बंद करने का वाल्व के पास हमेशा गंदा पानी भरा रहता है, ऐसा माना रहा है कि उसी से पानी रिवर्स जा रहा होगा। साथ ही सभी ग्रामीणों से पानी को उबाल के पीने और साफ-सफाई रखने का आह्वान भी किया।



### स्थिति की जानकारी लेनें पहुंचे कांग्रेसी नेता

डायरिया की जानकारी मिलने पर क्षेत्र के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा मौके पर पहुंचे और ग्राम सरपंच सविता गोस्वामी से चर्चा कर गंभीरता से इसके समाधान में ग्रामवासियों के सहयोग से जुटने का आह्वान किया व कोल्दा से आने वाली स्वास्थ मितानिन प्रमिला टंडन से भी चर्चा की। इस अवसर पर ग्राम के चयन चंद्राकर, कबीर साहू, इंद्रा चौहान, बलराम ध्रुव, जेठूराम निषाद, अंगद दीवान, तुकाराम दीवान, चिंतामणि निषाद आदि उपस्थित थे।

### शराब पीकर घूम रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर घूम रहे व्यक्ति पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 24 अक्टूबर को ग्राम पथरला मेन चौक रोड किनारे एक व्यक्ति शराब के नशे में मदमस्त होकर घूम रहा था। जिससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम टीकाराम कोसरिया पिता अमृत लाल कोसरिया (35 साल) तिलकपुर का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(च)(1) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया गया।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 4 नवंबर को

**महासमुंद।** गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 4 नवंबर 2024 को दोपहर 12 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

### महिला से पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया संतोषी दास ने बताया कि 24 अक्टूबर को करीब 2.30 बजे सलूजा के मकान गुरुद्वारा पारा बसना से काम करके वापस अपने माता-पिता के घर वार्ड नं 12 अरेकेलडीपा बसना जा रही थी, तभी सिटी ग्राउंड गढपटनी बसना के रास्ते में पीपल के पेड़ के पास मेरा पति मुकेश दास मिला और घरेलू बातों को लेकर तथा मुझ पर चरित्र शक करते हुए गालियां देते हुए हाथ मुक्के से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी के खिलाफ 115 (2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और पिथौरा थाना क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर घटनास्थल तिलकपुर से खम्हन जाने वाले रोड किनारे ग्राम तिलकपुर में आरोपी नारायण चौहान पिता इन्दल चौहान (27 साल) तिलकपुर के कब्जे से एक सफेद रंग के पांच लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरकीन में भरी कुल 03 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं पिथौरा पुलिस ने आरोपी रत्थुराम कमार पिता ईश्वर कमार (57 साल) निवासी कमारडेरा भिथीडीह के कब्जे से 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया ।

### घर से नकदी, आभूषण और मोबाइल पार

**महासमुंद।** अज्ञात चोर ने बुधवार रात घर से नकदी, आभूषण और मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कसडोल निवासी सुभाष मेहेर ने थाने में शिकायत की है कि 23 अक्टूबर की रात लगभग 10 बजे वह भोजन करने के बाद सो रहा था। रात लगभग 2 बजे पेशाब करने उठा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था। घर में चोरी की आशंका से पेटियों को देखा तो नहीं थी, आस-पास खोजने पर पेटी नहीं मिली। अज्ञात ने पेटी सहित नकदी 49.900 रुपए व सोने का हार लगभग 07 ग्राम (कीमत लगभग 40 हजार रुपए) तथा बिस्तर से 2 नग मोबाइल (कीमत लगभग 8 हजार रुपए) पार कर दी।

### मनमाना किराया वसूली, सौ से ज्यादा बस संचालकों पर जुर्माना

**रायपुर।** लंबी के साथ कम दूरी के



बस संचालकों द्वारा तय किराया भाड़ा से ज्यादा किराया वसूली की लगातार शिकायत मिलने पर परिवहन विभाग बस ऑपरेटरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। बावजूद इसके बस ऑपरेटर बसों में किराया भाड़ा सूची चस्पा करने के साथ मनमाना किराया वसूली कर रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए रायपुर जिला परिवहन विभाग के अफसरों ने एक अक्टूबर से 24 अक्टूबर के बीच अभियान चलाकर 131 बस ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक लाख 29 हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की है।

## कार्रवाई : आबकारी विभाग ने की मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

# आबकारी टीम ने आरपीएफ के साथ पकड़ा 14 किलो गांजा, आरोपी बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन में ग्राहक का इंतजार कर रहे एक युवक को 14 किलो गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा। पकड़े गए गांजा की कीमत तकरीबन 1 लाख 40 हजार आंकी गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी निधिष कोष्ठी ने बताया कि कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशन गुरुवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष को मुखबिर से सूचना मिली जिसके बाद सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर द्वारा टीम के साथ रवाना रेलवे स्टेशन पहुंचकर सूचना आबकारी और आरपीएफ टीम ने संयुक्त रूप से महासमुंद रेलवे प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 में युवक को पकड़ा। युवक ने स्वयं को मिथुसिल सागर पिता सनत सागर 51वर्ष जाति ईसाई निवासी नायला हाउस, गंगवाल पार्क, गली नंबर 02 जवाहर नगर, जयपुर राजस्थान का निवासी होना बताया। तलाशी के लिए सहमत होने पर उसके पास रखे भूरे रंग के ट्रॉली बैग में 08 पैकेट पीले रंग पॉलीथिन में 8 किलो एवं एक सफेद रंग के पॉलीथिन में 1 किलो तथा 5 हरे रंग के प्लास्टिक पॉलीथिन में 5 किला कुल मात्रा 14 किलो मादक पदार्थ बाजार मूल्य 140000 रुपए को मौके पर परीक्षण करने पर गांजा होना सिद्ध होना पाया जाने पर आरोपी को एनडीपीएस की धारा 20 (ख)(ii)(बी) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया।



### कार्रवाई में यह रहे शामिल

आबकारी वृत्त महासमुंद शहर प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर द्वारा की गई। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक शिव शंकर नेताम, मुकेश कुमार वर्मा, विकास बढ़ेद्र, नितेश सिंह बैस, आबकारी आरक्षक संजय मरकाम एवं रेलवे पुलिस बल से निरीक्षक पीएस धाकड़, उपनिरीक्षक केएस प्रकाश, उपनिरीक्षक एमएस नाग,आरक्षक जय भगवान, धरम पाल मीणा संयुक्त रुप से कार्रवाई में उपस्थित रहे।

### महुआ शराब की बिक्री, आबकारी टीम ने की कार्रवाई

महासमुंद। आबकारी वृत्त सांकरा की टीम ने



परसवानी के एक घर से महुआ शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीष कुमार कोष्टी एवं मंडल प्रभारी दीपक कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में 25 अक्टूबर को आबकारी वृत्त सांकरा द्वारा छापामार कार्रवाई की।जिसमें ग्राम परसवानी के गंगाधर कुमार पिता बिरंची कुमार नाग (36 वर्ष) के मकान 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)( क), 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिफ्तार किया गया। यह कार्रवाई में वृत्त सांकरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। जिसमें आबकारी सांकरा व पिथौरा स्टॉफ उपस्थित थे।

## बाइक से गांजा परिवहन एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक से गांजा परिवहन कर रहे ओडिशा के एक युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी के कब्जे से 75 हजार रुपए का 5 किलो गांजा जब्त किया गया।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति एक लाल कलर के हीरो कंपनी का एचीवर बाइक क्रमांक ओडी 27 बी 1921 में अवैध मादक गांजा रखकर छत्तीसगढ की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताए हुलिए का एक मोटर सायकल आया जिसमें एक व्यक्ति सवार था, जिसे रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर उसने मोटर सायकल की डिक्की में 2 पैकेट एवं सीट कवर में 3 पैकेट खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ कुल 5 पैकेट गांजा रखना स्वीकार किया। साथ ही उक्त गांजा को फुलवानी ओडिशा लाकर रायपुर छत्तीसगढ़ खपाने ले जाना बताया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीर कुमार साहू पिता पुरंदर साहू (42 साल) निवासी डेंगपदर थाना मनोमुंडा जिला बौध ओडिशा का निवासी होना बताया संदेही के कब्जे 5 किलो गांजा कीमत 75000 रुपए, बाइक कीमत 70000 रुपए, एवं एक मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## डूबने से मृत मासूम की हुई शिनाख्त

**महासमुंद।** शहर के कुर्मीपारा स्थित बंधवा तालाब में डूबने से हुई मासूम की मौत मामले में मृतक की शिनाख्त हो गई है। बालक शहर का क्लब निवासी फलेश बघेल है, वह अपने तीन-चार दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था जहां नहाते समय वह डूब गया और उसकी मौत हो गई ।

कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चे का शव कुर्मीपारा के बंधवा तालाब में तैर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला और पीएम के लिए भेजा। पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया जिसके चलते देर रात मासूम की पहचान क्लबपारा निवासी फलेश बघेल (10) के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# घोषणा पत्र पर अमल नहीं होने से फड़ मुंशी नाराज

## तेंदूपत्ता फड़मुंशी संघ का धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक सूत्रीय मांग को लेकर तेन्दूपत्ता फड़मुंशी संघ का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन जारी है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो आगे क्रमबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

पटवारी कार्यालय के सामने धरनारत तेंदूपत्ता फड़मुंशी संघ के जिलाध्यक्ष गणेशराम ध्रुव, उपाध्यक्ष टीकाराम सेन, सचिव नरेश कुमार डड़सेना, सह सचिव कुसुम कुमार बरिहा, कोषाध्यक्ष कार्तिकेश्वर चौहान, मीडिया प्रभारी अजय पटेल ने बताया कि जिले में कुल 785 फड़मुंशी कार्यरत हैं और अपना काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करते हैं। चुनावी वर्ष 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने तेंदूपत्ता फड़ मुंशियों को कमीशन के अलावा 25 हजार रुपए वार्षिक मानदेय देने की बात अपने घोषणापत्र में शामिल किया। बावजूद अब तक उक्त घोषणा पर अमल नहीं किया गया जिससे प्रदेश सहित जिलेभर के फड़मुंशी नाराज हैं और इस मांग को पूरा करने आज एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। बावजूद मांगें नहीं मानी गई तो कामबंद कर प्रदेश के 11 हजार फड़मुंशी क्रमबद्ध आंदोलन करेंगें। शुक्रवार को धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित फड़मुंशी सरकार से मांग पूरी करने के लिए नारे लगाते रहे।

# लभराखुर्द में बनेगा राधा कृष्ण मंदिर विधायक योगेश्वर ने किया भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ द्वारा ग्राम लभराखुर्द में बनाए जाने वाले राधा-कृष्ण मंदिर के लिए गुरुवार को क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में महेश चंद्राकर, दानेश्वर सिन्हा, राजेंद्र सेन, लभराखुर्द सरपंच चित्र तांडी, पंच एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। आगामी दिनों में राधा कृष्ण का एक मंदिर तैयार होना है। सभी ग्रामवासी क्षेत्रवासियों ने सहयोग कर इस्कॉन के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया।

अंतरराष्ट्रीय कृष्णा भावना अमृत संघ इस्कॉन के छत्तीसगढ़ यूथ फोरम के डायरेक्टर तमाल कृष्ण दास ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और इस्कॉन काउंसिल मेंबर तरुणी सेन से अगरबत्ती, धूप, पुष्प, गुलाल, अक्षत अर्पित कर भूमिपूजन करवाया। पूजन के दौरान भूमि सूक्त और मंगलाचरण का पाठ किया गया। पश्चात श्रीफल फोड़ा गया और आगामी दिवस में यहां पर नींव डालकर नए मंदिर का निर्माण होना है। विधायक सिन्हा ने अपने सुंदर शब्दों में कहा कि आने वाले दिवस में हमसे जो बन सकेगा हम आपके लिए सहयोगी होंगे। यहां केवल पूजन कार्य का नहीं अथवा यह क्षेत्र एक संस्कार का क्षेत्र होगा, शिक्षा का क्षेत्र होगा। अपितु यहां पर हर एक बच्चे से लेकर बूढ़े तक को शिक्षा दी जाएगी।

इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों ने बहुत धूमधाम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम, हरे हरे के भजन में नृत्य करते हुए भूमिपूजन कार्य को भव्य बनाया। साथ ही कार्तिक मास होने के कारण यहां पर यशोदा दामोदर को दीपदान किया गया। समस्त क्षेत्र व ग्रामवासियों द्वारा इस आयोजन में प्रसाद की भी व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में प्रमोद चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, प्रभात उपाध्याय, श्यामकुमार दुबे, नरेंद्र नायक, ग्राम कोटवार मोती, इस्कॉन मंदिर के भक्तगणों भक्त वत्सल दास, हिरण्य गर्भ दास, माधवचरण, लव कुश, जय गौर हरि, जय गौरांग, कृष्ण राधिका सखी देवी दासी, पूर्णचंद्र, ऋचा, कामना माताजी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# पाल नौकायन का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

## जिले के कोडारबांध में 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी का 10 दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी द्वारा कोडार बांध में चल रहे 10 दिवसीय पाल नौकायन (सेलिंग एक्सपीडिशन) शिविर में आए छत्तीसगढ़ से 35 एसडी एवं 06 एसडब्लू कैडेट्स और मध्यप्रदेश भोपाल से 07 एसडब्लू, जबलपुर से 06 एवं ग्वालियर से से 06 एसडब्लू कैडेट्स कुल 60 एनसीसी एसडी एवं एसडब्लू कैडेट्स द्वारा 10 दिनों तक तीन बोट में कुल 300 किलोमीटर का सफलतापूर्वक साहसिक सफर तय किया। 10 दिवसीय पाल नौकायन शिविर का समापन 22 अक्टूबर 2024 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन के दिन कैडेटों का इस साहसिक उपलब्धि की उत्साह देखते ही बना। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कमांडर पी अनिरूध ने सेलिंग एक्सपीडिशन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त डायरेक्टरेट से नेवल यूनिट रायपुर को सेलिंग एक्सपीडिशन के लिए चुना गया। यह छत्तीसगढ़ के लिए अपने आप में एक गर्व की बात है। सेलिंग एक्सपीडिशन में कई रोमांचक वाटर बोर्न एक्टिविटी जैसे की स्कूबा डायविंग, कायाकिंग, विंड सर्फिंग आदि एक्टिविटी को भी निकट भविष्य में नेवल एनसीसी के एडवेंचर कैंप में जोड़ा जाएगा, जिससे कैडेट्स के रोचक व रोमांचक प्रतिभाओं को नव आयाम मिलेगा। सेलिंग एक्सपीडिशन का सफलतापूर्वक समाप्ति के लिए लेफ्टिनेन्ट कमांडर पी अनिरूध ने सभी एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ एवं शिविर स्टाफ को बधाई दी। कैंप कमांडेन्ट लेफ्टिनेंट कमांडर पी अनिरूध एवं हेमलाल डहरिया सहायक ग्रेड- 03, 1 सीजी नेवल यूनिट एनसीसी रायपुर ने कलेक्टर महासमुंद, एरीग्रेसन विभाग, स्वास्थय विभाग, फारेस्ट विभाग, नगर सैनिक एवं नगर पालिका महासमुंद एवं तुमगांव के समस्त विभाग और प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का आभार जताया।





### पीएम आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत परसाडीह के आश्रित ग्राम गुड़रुडीह में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सीताराम ध्रुव स्व. चैतराम ध्रुव के भवन निर्माण में गुणवत्ता को ध्यान रखते हुए निर्माण में निर्देश किया गया। इस दौरान रमाकांत ध्रुव सभापति जनपद पंचायत महासमुंद एवं ग्राम प्रमुख मन्नू लाल ध्रुव, पुनीत विश्वकर्मा, देव सिंग ध्रुव, सीताराम ध्रुव मौजूद रहे।

# कैंसर को पितृ दोष का कारण बताकर ठीक करने का झांसा, तीन लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा मार्ग पर एक निजी सोसाइटी में रहने वाली महिला ने दो महिलाओं के खिलाफ पितृ दोष तथा भूत-प्रेत का साया की वजह से कैंसर होने तथा ठीक करने का झांसा देकर तीन लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोने का सिक्का तथा पूजा के लिए नकदी रकम देने के बाद भी महिला ठीक नहीं हुई, तो उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार कैंसर पीड़ित एस. त्रिपाठी ने पूजा तथा जय के नाम से ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि कुछ माह पूर्व उनकी दोस्ती पूजा नाम की महिला से हुई।

### तंत्र-मंत्र करने के नाम पर 72 हजार लिए

महिला के अनुसार कथित तौर पर तंत्र-मंत्र करने आई महिला ने उससे तंत्र-मंत्र करने के नाम पर दो किस्त में 21 तथा 51 हजार रुपए लिए। इसके बाद पूजा तथा उसके साथ आई एक अन्य महिला ने एस. त्रिपाठी को भूत-प्रेत का साया होने के साथ पितृ दोष होना बताया और पितृ दोष करने दो तोले का दो सोने का सिक्का मंगाकर पूजा करने अपने साथ ले गई। जालसाज महिलाओं ने सिक्का ले जाने के बाद महिला को 15 दिन के भीतर स्थिति में सुधार होने का झांसा दिया। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य में किसी तरह का सुधार नहीं होने पर एस. त्रिपाठी ने पूजा से संपर्क किया, तो वह महिला को गोल-मोल जवाब देने लगी।

# दाना का असर, 27 तक बदली-बारिश वज्रपात की आशंका, यलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.बंगाल और ओडिशा तट से टकराने जा रहे दाना तूफान का असर छत्तीसगढ़ में भी दिखना प्रारंभ हो गया है। गुरुवार को राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान दाना के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। 27 अक्टूबर तक इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। इस दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बादल छाए



रहेंगे। कई जगह हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है। वज्रपात की आशंका को देखते हुए इस दौरान के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। सभी तक उत्तर-पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर प्रबल चक्रवाती तूफान दाना गुरुवार के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा। 24 अक्टूबर को उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पश्चिम बंगाल से 310 किमी दक्षिण में केंद्रित रहा। आज इसके उत्तर ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को करीब पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की अधिकतम गति 110 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की आशंका है।

### 40 किमी की रफ्तार से चलेगी तूफानी हवा

*25 और 26 अक्टूबर को प्रदेश में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। इसकी रफ्तार बढ़कर 40 किमी प्रति घंटा भी हो सकती है। 27 अक्टूबर को बारिश संबंधित गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। धान की फसल को कुछ स्थानों पर नुकसान भी संभावित है। प्रदेश में छाए बादल का प्रभाव तापमान में भी दिख रहा है। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान 16.6 डिग्री गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और अंबिकापुर में दर्ज हुआ।*

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का किशोर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, कौशांबी के रहने वाला एक 17 वर्षीय किशोर को गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर गांजा तस्करी कर ट्रेन रूट से यूपी गांजा ले जाने की फिराक में था।

### जुआ खेलते देख रहे भाइयों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनू गुप्ता ने चंदन साहनी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ राजीव नगर गया था। एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेल रहे थे, जिसे दोनों भाई देखने के लिए पहुंच गए। इस बात से नाराज होकर चंदन ने सोनू तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया और मौके पर उपस्थित चंदन के साथियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की।

### राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा में केपीएस स्कूल ने मारी बाजी



**रायपुर।** भारत विकास परिषद के अखिल भारतीय कार्यक्रम 'अंतर्शालेय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता' का प्रथम चरण (जिला स्तरीय) उमरिया रायपुर स्थित वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में हुआ। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में तीन अलग-अलग भाषाओं हिंदी, संस्कृत व क्षेत्रीय या प्रांतीय भाषा या बोली के गीतों के कार्यक्रम के लिए 10 शालाओं से प्राप्त प्रविष्टियों में से 6 शालाओं, द आरंभ स्कूल, वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल, आदर्श विद्यालय मोवा, दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला व कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना का चयन इस प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिनमें कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना सर्वश्रेष्ठ टीम (प्रथम) चुनी गईं। नगर के तीन ख्यातिप्राप्त संगीत साधक जेपी शर्मा, समीर भट्टाचार्य एवं पापिया सरकार ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई।

### समस्या : डामर की परतें उखड़ने से जगह-जगह बन गए हैं गड्ढे

# सरायपाली-सरसीवां मार्ग जर्जर, बरसात में कीचड़ से अब धूल से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



सागरपाली-सरसीवां मार्ग खराब होने से लोगों को इन दिनों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डामर की परतें उखड़ने से जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन बुरी तरह से बाधित हो रही है। सागरपाली, बालसी, लंबर के पास इतने बड़े-बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं कि लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। सड़कों की नियमित रूप से मरम्मत नहीं होने से गड्ढों का आकार दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। सरायपाली से सरसीवां तक करीब 40 किलोमीटर की दूरी है। जिसमें से करीब आधा हिस्सा जिला के अंतर्गत आता है। आधा हिस्सा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत आता है। इस मार्ग की मरम्मत समय-समय पर किया गया है। मगर, विभागीय उदासीनता एवं ठेकेदारों की लापरवाही के चलते गारंटी पीरियड में ही डामर की परतें उखड़ने लगीं और जगह-जगह गड्ढे बन गए। काशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किलोमीटर तक पिछले वर्ष ही मरम्मत की गई थी। मगर, सागरपाली के पास दुर्गापाली मोड़ से लेकर जमदरहा मोड़ तक सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गड्ढे इतने बड़े-बड़े हो चुके हैं कि उस पर छोटी वाहनों का गुजरना मुश्किल हो चुका है। स्थानीय लोगों ने इन गड्ढों को मलबे से पाट कर काम चलाऊ बना रहे हैं।

बरसात के दिनों सड़क कीचड़ से लथपथ हो गई थी। बारिश थमी तो सड़क पर धूल उड़ रहा है। वाहनें गुजरती हैं तो धूल की गुबार इतनी ज्यादा होती है कि आसपास के घरों दुकानों में धूल की एक परत जम गई है। वाहनों के गुजरने के बाद कुछ समय के लिए धूल की वजह से कुछ दिखाई नहीं देता। इसी तरह की स्थिति बालसी और लंबर के पास बनी है। बालसी नाला के पास जानलेवा गड्ढा बन गया है। गड्ढे का आकार इतना बड़ा हो चुका है कि उससे टकराने से वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। दुर्घटना से बचने के लिए स्थानीय टायर दुकानदार पुरानी टायर को गड्ढे में रख कर लोगों की जान बचाने की कोशिश कर रहा है।

#### भारी वाहनों की वजह से हो रही है सड़क क्षतिग्रस्त

सरायपाली सरसीवां मार्ग काफी व्यस्ततम मार्ग बन चुका है। इन मार्गों से सीमेंट बालू गिट्टी आदि का बड़े पैमाने पर परिवहन होता है। इसी मार्ग से होकर रोजाना हाइवा, डंपर, ट्रक आदि भारी वाहनें गुजरती हैं। इन भारी वाहनों के आवागमन से ही सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। इन वाहनों को रोकने के लिए न तो परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है और पीडब्ल्यूडी विभाग।

#### वित्तमंत्री के आश्वासन के बाद उम्मीदें जगी

पिछले दिनों वित्त मंत्री ओपी चौधरी इस मार्ग से होकर जाते वक्त कुछ समय के लिए सागरपाली में रुके थे। तभी स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सरायपाली सरसीवां मार्ग की मरम्मत करने से संबंधी मांग पत्र सौंपा था। तब उन्होंने बरसात के बाद मरम्मत करने का आश्वासन दिया था। अब बरसात समाप्त हो चुकी है तो लोगों को मरम्मत कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। पिछले बरसात में सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने सड़क की दुर्दशा देखकर विभाग के अधिकारियों को खूब फटकार लगाई थी। तब जाकर गड्ढों को गिट्टी मुरूम से भरा गया था, लेकिन अब फिर गड्ढे ज्यों के त्यों हो गए हैं।

# व्यावसायिक शिक्षण के तहत छात्रों का औद्योगिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया में संचालित व्यवसायिक शिक्षण के ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर में अध्ययनरत कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 70 विद्यार्थियों का व्यवसायिक पाठ्यक्रम के योजनांतर्गत व्यवसायिक भ्रमण सबस्टेशन खट्टी महासमुंद में करवाया गया। भ्रमणकारी विद्यार्थियों का प्राचार्य नारायण चौधरी द्वारा भ्रमण के उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए विद्यालय से विदा किया गया। उन्होंने कहा कि विषय आधारित व्यवहारिक ज्ञान के लिए व्यवसायिक पाठ्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष व्यावसायिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित होता है। इस प्रतियोगिता के दौर में सैद्धांतिक ज्ञान ही काफी नहीं है। विद्यार्थियों को स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान बेहद उपयोगी सिध्द होंगे। हायर सेकंडरी खम्हरिया के व्यवसायिक शिक्षक श्रद्धा उपाध्याय एवं खेमलता पटेल की अगुवाई एवं निर्देशन में व्यावसायिक भ्रमण सम्पन्न हुआ। औद्योगिक क्षेत्र सीएसपीडीसीएल सब स्टेशन खट्टी में कार्यरत तिलेश्वर साहू द्वारा भ्रमणकारी विद्यार्थियों को समस्त ट्रांसफार्मर बस बार एवं पावर लाइन आदि की जानकारी विस्तार से दी गई। व्यवसायिक भ्रमण के अवसर पर पर दयानंद पटेल, सागर साहू, पंकज साहू, केसरी लाल, आशीष कुमार एवं समस्त कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यालय के रंजना ध्रुव, अंजू नामदेव, सृष्टि साहू, दीप्ति शर्मा, धनेश्वरी साहू, ममता राजकमल, तारिणी ध्रुव, रोहित ठाकुर, गीता दीवान, चुम्मनलाल जगत, जीवनलाल सिन्हा, रानी गिरी गोस्वामी, राजेश साहू, हेमराज ध्रुव, नरेश रमेश आदि मौजूद रहे।

# राजनीति विज्ञान परिषद ने मनाया संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान परिषद के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा के निर्देशन में संयुक्त राष्ट्र स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान माला में मुख्य वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ. झरना साव एवं स्रोत वक्ता के रूप में सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार जगत थे। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अंजलि नाग ने की।

राजनीति विज्ञान के प्राध्यापकों का स्वागत एवं अभिनंदन परिषद के पदाधिकारी द्वारा किया गया। राजनीति विज्ञान परिषद के सदस्य चंचल ठाकुर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सिद्धांत एवं उद्देश्य के बारे में अपने विचार व्यक्त किया तथा कुमारी प्रियंका जाटवार ने संयुक्त राष्ट्र संघ का शांति एवं सुरक्षा को स्थापित करने के लिए तथा युद्ध को रोकने के लिए किया जा रहे उपायों पर अपना विचार व्यक्त किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार जगत ने संयुक्त राष्ट्र संघ के पहले के स्थिति के बारे में बहुत ही विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण और उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला तथा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद विश्व में शांति की स्थापना करने के लिए युद्ध एवं अपराध से मुक्त निशस्त्रीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के गठन निर्माण एवं उसके कार्य पद्धति पर बहुत ही सारगर्भित एवं रोचक जानकारी प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सहायक प्राध्यापक डॉ. झरना साव ने कहा संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण मानव जाति की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों को प्राप्ति के लिए बनाया गया है। पूरे विश्व में युद्ध को रोकने के लिए एक शांतिपूर्ण सरकार की स्थापना के लिए आगामी समय में मानव जाति का अस्तित्व को बचाए रखने के लिए किए जाने वाले उपाय और संयुक्त राष्ट्र संघ आने वाले समय में क्या भूमिका निभाएगा? विश्व में एक राज्यों की सरकार का निर्माण होगा जो पूरे विश्व में शांति स्थापना एकता एवं मानव अधिकार के प्रति समर्पित रहेगा। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष यूके बरिहा ने राष्ट्र संघ की उत्पत्ति एवं निर्माण के संबंध में विचार व्यक्त किया। राष्ट्रों के बीच होने वाले युद्ध को रोकने तथा शांति स्थापना करने का आधारशिला 1795 में इम्यूनुअल कैंट के द्वारा प्रस्तुत किया गया था, उसी के आधार पर अंतर संसदीय संघ का गठन विश्व में होने वाले युद्धों को रोकने तथा राष्ट्रों के बीच संघर्ष को समाप्त करने और मानव जाति को सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शांति स्थापना करने के लिए अमेंरिका द्वारा पहल की गई जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न देशों के संस्थापक सदस्यों के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया गया था। यह संगठन विश्व में शांति सुरक्षा युद्ध रोकना निशस्त्रीकरण मानव अधिकार को दिलाने गरीबी रोगों से मुक्ति सांस्कृतिक विरासत को बचाने एवं विज्ञान और टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए एक सुंदर विश्व की रचना करने के लिए कृतसंकल्पित है । 79 वर्षों के बाद भी संयुक्त राष्ट्र संघ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहा है। सर्वप्रथम इसके स्थाई सदस्यों में विस्तार करने की आवश्यकता है जिससे उभरते हुए विश्व के देश इसमें शामिल हो सके और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। सुरक्षा परिषद में विकसित देशों द्वारा अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है जो राष्ट्रों के बीच में युद्ध और संघर्ष की स्थिति निर्मित हो रही है, एक सार्वभौमिक संस्था होने के कारण संयुक्त राष्ट्र की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, आतंकवाद उग्रवाद और परमाणु हथियारों का निर्माण विश्व में एक सबसे बड़ी चुनौती है। विस्तारवादी नीतियां यहां कमजोर राष्ट्रों को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने का प्रयास कर रही है इसे रोकने के लिए कड़े प्रस्ताव और नियम बनाने की आवश्यकता है। सर्वसम्मति के अभाव में संयुक्त राष्ट्र कोई भी निर्णय लेने में कामयाब नहीं हो पाता।संयुक्त राष्ट्र संघ अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। फिर भी इसके अंग में प्रत्येक महाद्वीप एवं देश को शामिल कर एक वृहद योजना के माध्यम से सुखद एवं शांतिपूर्ण विश्व की कल्पना की जा सकती है। इसीलिए सकारात्मक सोच और व्यापक हित को लेकर सुधार करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ मौन है और देश सिर्फ हथियार खरीदने और बेचने में लगे हुए हैं ,कौन फिलिस्तीन को समझाएं, कौन इस्त्राइल को रोके, कौन पुतिन को बताएं कि युद्ध अनवरत नहीं चलते कौन जेलेसकी से यह पूछे कि आम जनता को युद्ध में लगातार झोंके रहने से कौन सी नैतिक राजनीति है? यह मानव समुदाय के लिए बहुत ही हानिकारक है इस पर गहन चिंतन एवं मनन करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र को इस विनाशकारी युद्ध को रोकने के लिए पहल करना चाहिए। ताकि, युद्ध रुके और अनाथ घायल हुए लोगों के सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए उचित व्यवस्था की जा सके। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष नीरज कुमार निषाद एवं आभार प्रदर्शन प्रीति प्रधान ने किया। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र- छात्राएं तथा परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संकुल प्राचार्य संघ की बैठक में विभिन्न विषयों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



प्राचार्य संघ के अध्यक्ष आरके भोई की अध्यक्षता एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मांझी के मुख्य आतिथ्य में शासकीय गोलमालकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समस्त संकुल प्राचार्यों की बैठक रखी गई। जिसमें विकासखंड के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विचार मंथन किया गया। भोई ने अपने उद्बोधन में विद्यालयों में स्टाफ और संसाधन की कमी पर बात रखते हुए कहा कि कई प्रकार की शासकीय योजनाएं आन विद्यालयों में बताई जा रही है, जिसके कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा हैं। आज विद्यालयों को जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए दस्तावेज संकलन और पंजीकरण का कार्य सौंपा गया है, जिसमें पालकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करने में असमर्थता और उदासीनता के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। साथ ही शासकीय योजना जिसके अंतर्गत सभी बच्चों का अपार कार्ड बनाया जाना है, जिसमें विद्यार्थियों के आधार कार्ड और शालेय अभिलेख में एकरूपता का होना आवश्यक है। परंतु, सामान्यतः प्रत्येक विद्यार्थी के आधार कार्ड में त्रुटि होने ने के आधार कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। आधार कार्ड में सुधार की आवश्यकता है, लेकिन डिजिटल में सुधार नहीं हो पा रहा हैं। डॉ अनिल प्रधान ने मानद पीएचडी वाले शिक्षकों द्वारा विभागीय सूचनाओं में नाम के आगे डॉ लिखने पर आपत्ति दर्ज की। वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य जितेंद्र बुडेक ने संकुल समन्वयकों के कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगते हुए संकुल केंद्र के सभी कार्य संकुल प्रभारी के संज्ञान में किए जाने की बात कही। बीईओ मांझी द्वारा अपने कार्यालय स्तर पर आने वाले प्रत्येक समस्या का निदान जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। अंत में रूपानंद पटेल ने ऑनलाइन कार्य एवं उपरोक्त बताए कार्यों में आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण आज प्रत्येक शिक्षक के द्वारा मानसिक रूप से तनाव महसूस करने की बात कही।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई

# अंडर 13 वर्ष में यशवर्धन प्रथम एवं अंकुश रहे द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला बैडमिंटन संघ महासमुंद के तत्वावधान में बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 11 एवं अंडर 13 वर्ष बालक-बालिका शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्घाटन राघवेंद्र सिंह तोमर एवं राजा गुरुदत्ता द्वारा किया गया। 11 वर्ष का फाइनल मैच बागबाहरा के एकाग्र अग्रवाल एवं महासमुंद के समर्थ सोनी के मध्य खेला गया। जिसमें एकाग्र अग्रवाल ने 21-4, 21-1 से मैच जीतकर फाइनल विजेता बना। 13 वर्ष में पहला सेमीफाइनल मैच यशवर्धन चिंदा विरुद्ध खुशेंद्र सिंह तोमर के मध्य खेला गया, जिसमें यशवर्धन चिंदा ने 31-8 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच अंकुश शुक्ला विरुद्ध शशांक साहू के मध्य खेला गया। जिसमें अंकुश शुक्ला ने 31-30 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच यशवर्धन चिंदा विरुद्ध अंकुश शुक्ला के मध्य खेला गया। जिसमें यशवर्धन चिंदा ने 21-6, 21-9 से जीतकर फाइनल विजेता बना। 11 वर्ष बालिका में वान्या चंद्राकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अतिथि खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे द्वारा मोमेंटो, प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में जिला बैडमिंटन संघ सचिव घनश्याम सोनी, उपाध्यक्ष कमलेश चिन्दा, सह सचिव मलकीत सिंह, योगेश सोनी, राजा गुरुदत्ता, राघवेंद्र सिंह, सौरभ सोनी, शैलेंद्र चोपड़ा, योगेश लूनिया, ईशान चंद्राकर, दिवस जैन का सहयोग रहा। निर्णायक के रूप में सौरभ सोनी का सहयोग रहा। मंच संचालन राजा गुरुदत्ता एवं सभी का आभार व्यक्त सचिव घनश्याम सोनी ने किया।

#### जिला स्तरीय प्रतियोगिता के परिणाम में

11 वर्ष बालक में प्रथम स्थान एकाग्र अग्रवाल बागबाहरा, द्वितीय समर्थ सोनी महासमुंद, तृतीय सोमांशु ठाकुर महासमुंद। 13 वर्ष बालक में प्रथम यशवर्धन चिंदा बागबाहरा, द्वितीय अंकुश शुक्ला बागबाहरा, तृतीय शशांक साहू बागबाहरा। 11 वर्ष बालिका में प्रथम वान्या चंद्राकर महासमुंद रहे। जिला सचिव ने बताया कि छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ द्वारा राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 नवंबर तक रायपुर में आयोजित होना है। जिसमें जिले के प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी सीधे शामिल होंगे तथा क्वालिफाई राउंड के लिए जिले के पंजीकृत सभी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पटेल समाज का भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, नंदनी पटेल, सरस्वती मूर्ति, अन्नपूर्णा निर्मलकर, द्रोणाचार्य साहू, राजेंद्र निर्मलकर, विनोद गहरवाल, भुनेश्वर साहू, कुंदन प्रजापति, रजऊ जलक्षत्री, समाज प्रमुख जनक पटेल, झाड़ू राम पटेल, मनोज पटेल, केशँव पटेल, लखन पटेल, संतोष पटेल, शिव पटेल, रामू पटेल, लक्ष्मण पटेल, धन्नु पटेल, चेतन पटेल, डोमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## युवा अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा, प्रदीप को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त





**सरायपाली।** नगर के दो अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा को एनडीपीएस व प्रदीप प्रधान को इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के लिए शासन की ओर से पैरवी किए जाने के लिए विधि विभाग द्वारा जारी एक आदेश के तहत विशेष लोक अभियोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में विधि विधायी कार्य विभाग मंत्रालय रायपुर से जारी आदेश के तहत वरिष्ठ अधिवक्ता क्रमशः देवेंद्र शर्मा को स्थापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 (एनडीपीएस) के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से न्यायालयों में पैरवी किये जाने के लिए विशेष लोक अभियोजक हेतु आदेश जारी किया गया है। अधिवक्ता प्रदीप कुमार प्रधान को विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों सरायपाली के लिए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत राज्य शासन की ओर से पैरवी किए जाने हेतु विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है।

### आयोजन: जिले में बेहतरीन उपलब्धि वाले एटीएल स्कूलों की हुई प्रशंसा

# अटल टिंकरिंग लैब के सुदृढ़ीकरण व इनोवेशन को लेकर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में स्थापित अटल टिंकरिंग लैब से जिले के छात्रों ने जहां एआई, कोडिंग और अंतरिक्ष तक पहुंच बनाई। वहीं कई एटीएल स्कूलों के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने पर राज्य नोडल अधिकारी ने जल्द ही कार्यप्रणाली सुधार कर गुणवत्ता स्थापित करने की सलाह दी है। जिले में अटल टिंकरिंग लैब के सुदृढ़ीकरण एवं स्कूल इनोवेशन मैराथन (एसआईएम) के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलसोंडा में किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के एटीएल स्कूलों के प्राचार्य और एटीएल प्रभारी शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राज्य नोडल अधिकारी की उपस्थिति में किया। जिसमें जिले में बेहतरीन उपलब्धि वाले एटीएल स्कूलों एटीएल नर्रा, बेलसोंडा, महासमुंद, बसना, पटेवा की तारीफ की गई। वहीं अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाले एटीएल स्कूलों के प्राचार्यों को जल्द ही कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए समन्वय के साथ छात्रों के बीच कार्य करने और अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने को कहा गया। जिले में नीति आयोग ने एटीएल स्कूलों के सहयोग के लिए आरटीओसी मेंटर मिथलेश चंद्रशेखर को नियुक्त किया है।

सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सतीश नायर के मार्गदर्शन में शोभा सिंहदेव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन सुबोध कुमार तिवारी एटीएल जिला नोडल अधिकारी एवं जगदीश सिन्हा जिला विज्ञान संयोजक द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय पिल्लई सहायक संचालक समग्र शिक्षा रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि नीलम कुशवाहा एपीसी राज्य प्रोजेक्ट कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर रहे। मुख्य अतिथि अजय पिल्लई ने अपने उद्बोधन में स्कूल इनोवेशन मैराथन में शिक्षकों और विद्यार्थियों की प्रतिभागिता को बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए और बच्चों के साथ ड्रोन भी उड़ाए।

इस कार्यशाला में समीर प्रधान, डीएस टंडन, विकास कुमार साहू, टिकेश्वर पटेल, हरक राम दीवान, अभिमन्यु षड़ंगी, सीमांचल प्रधान, गुलाबचंद्र दास, क्षीरोद्र पुरोहित, दीपक कुमार साहू, रंजीता दुबे, नीलम वर्मा, भीष्म सिन्हा, गुणमानी साहू, योगेश कुमार प्रधान, श्याम लाल साहू, बालमुकुंद, हितेंद्र कुमार साहू, प्रदीप कुमार बारीक, स्वरूप कुमार साहू, देवकृष्णा पाणिग्रही आदि उपस्थित रहे।

### एटीएल के बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रोत्साहित

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यशाला उपयोगी एवं भविष्य की योजना बनाने में सार्थक सिद्ध होगी। सहायक जिला शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार नायर ने शिक्षकों की कार्यशाला का अवलोकन कर कार्यशाला में उपस्थित 19 अटल टिंकरिंग लैब के प्रभारी एवं प्राचार्यों से इस सत्र की उनकी उपलब्धियां के बारे में जानकारी ली और एटीएल के बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। अधिकारी सुमन पंडित अटल इनोवेशन मिशन एवं नीति आयोग ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर जिला महासमुंद के एटीएल को उनके कार्यों के लिए बधाई दी। जिला विज्ञान संयोजक जगदीश सिन्हा ने विज्ञान के क्षेत्र में महासमुंद जिले की विभिन्न उपलब्धियां से अतिथियों को अवगत कराया। एटीएल रीजनल टीचर छत्तीसगढ़ चंद्रशेखर मिथिलेश ने स्कूल इनोवेशन मैराथन में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी साझा की एवं बेहतर प्रोजेक्ट निर्माण के लिए अपने अनुभव भी बताए। वीराइट प्राइवेट सॉल्यूशन के ट्रेनर सचिन प्रधान, अभिनव देव वर्मा एवं राजेंद्र पटेल ने ड्रोन के बारे में जानकारी देते हुए, बच्चों, एटीएल इंचार्ज और मुख्य अतिथि को ड्रोन उड़ाने के लिए आमंत्रित करते हुए प्रैक्टिकल अनुभव साझा किया।

# पीड़ित किसानों ने किया मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री के घेराव को स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


राजस्व विभाग की समस्या से पीड़ित किसानों और लोगों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय में कहा कि राज्योत्सव के दौरान वह सभी पैदल यात्रा कर राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री का घेराव करेंगे। जिस पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने किसानों को समझाया कि वे घेराव न करें, राजस्व विभाग में समस्याओं का निराकरण नहीं होता तो यह अधिकारियों की भर्राशाही और मनमानी है, अधिकारियों की गलती है। जबकि, मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री का सीधा निर्देश है कि पूरे प्रदेशभर में राजस्व विभाग के जितने भी पुराने प्रकरण लंबित हैं उन्हें जितना जल्दी हो सके निराकरण करें, पर निर्देश मिलने के बाद भी न तो स्थानीय कलेक्टर प्रकरणों के निराकरण में रुचि ले रहे हैं और न ही एसडीएम मामलों को निराकरण करने का काम कर रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रकरणों का निराकरण नहीं किया जा रहा है, इसकी जानकारी और अधिकारियों की भर्राशाही व मनमानी की शिकायत वे मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री से करेंगे, उन पर कार्रवाई करने का अनुरोध करेंगे। किसानों के प्रकरणों के निराकरण का अनुरोध करेंगे। पार्टी से निर्देश है कि किसी भी गरीब किसान या लोगों को कोई समस्या है तो उसका निराकरण करने का पुरजोर प्रयास पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा शत प्रतिशत किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व जगदलपुर विधायक किरण सिंहदेव ने भी डॉ. चोपड़ा और भाजपा नेताओं द्वारा प्रत्येक बुधवार को किए जा रहे भेंट कार्यक्रम को सराहा है, जिसमें लोगों के राजस्व विभाग और अन्य विभाग संबंधी छोटे बड़े समस्याओं को निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। डॉ. चोपड़ा की समझाइश के बाद राजस्व विभाग के समस्याओं से पीड़ित किसानों ने मुख्यमंत्री व राजस्व मंत्री के घेराव को स्थगित किया है।

## बैठक में रेडक्रास जिला शाखा प्रबंध समिति का हुआ गठन



**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद में निर्वाचन अधिकारी एसके खांडे डिप्टी कलेक्टर जिला महासमुंद एवं सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में भारतीय रेडक्रास जिला शाखा प्रबंध समिति का गठन किया गया। ज्ञात हो कि रेडक्रास कार्यालय द्वारा सभी आजीवन सदस्यों को 30 सितंबर को सूचना भेज कर बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचना दी गई थी। तदानुसार जिला पंचायत की सभागृह में प्रबंध समिति गठन की प्रक्रिया शुरु हुई। जिसमें महेंद्र माल एवं मनोज कुमार पांचा को संरक्षक सदस्य रेडक्रास नियम के अनुसार मान्य किया गया तथा अनिता जी रावटे, डा. एम वाय मेमन, दाऊलाल चंद्राकर, संदीप दीवान, माधवराव टांकसाले, अरुणा शुक्ला, डा. राकेश परदल, भूपेंद्र राठौर, येतराम साहू, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, अशोक गिरि गोस्वामी, पारस चोपड़ा, सती साहू, प्रेम चंद्राकर, विश्वनाथ पाणीग्राही, धर्मेंद्र महोबिया, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे, सुनील शर्मा, यशवंत चौधरी, प्रमोद तिवारी, अरसी अनवर, एसआर बघेल, हीरा बंजारे, राजेश्वर खरे निर्विरोध प्रबंध समिति का सदस्य निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पूर्व उपस्थित समस्त सदस्यों को निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रबंध समिति का गठन के नियमों से अवगत कराया गया तथा उपस्थित समस्त सदस्यों का उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर लिया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पी कुदेशिया द्वारा शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यालय लिपिक सागर सिंह ठाकुर, झलेश वर्मा, मुरली मनोहर देहारी, कुंदन थानेकर, चंद्रशेखर निर्मलकर, जीतू वास, प्रफुल प्रधान मौजूद रहे।

## महादेव के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



**महासमुंद।** ग्राम एमकेबाहरा में शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन कथा पीठ से पंडित अरुण तिवारी ने कहा कि मनुष्य को अभिमान नहीं करना चाहिए। लेकिन, मनुष्य इस कलयुग में अभिमान में मस्त हैं। जिस प्रकार से राजा दक्ष प्रजापति ने अभिमान में आकर यज्ञ में भगवान शिव को स्थान नहीं दिया। जब माता सती ने यज्ञ में महादेव का स्थान नहीं देखा तो दुखी होकर उन्होंने अपने प्राणों की आहुति यज्ञ में दे दी। इसके बाद महादेव ने पल भर में राजा दक्ष का अभिमान चूर-चूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि इसलिए मनुष्य को जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। शिव ही सार है, शिव को प्राप्त करने का शिव कथा ही माध्यम है। इस दौरान महादेव के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमें। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# द्वितीय एवं तृतीय सोपान स्काउट व गाइड का जांच व प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ की ओर से विकासखंड स्तरीय द्वितीय एवं तृतीय सोपान स्काउट व गाइड जांच प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य वृंदावती सोमनाथ पांडे के मुख्य आतिथ्य, शीत गुप्ता अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के अध्यक्षता, जसविंदर सिंह जटाल, गढ़फुलझर के सरपंच सुशीला मलिक, जनपद सदस्य जलकुमारी बरिहा, भाजपा महासमुंद के जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, गढ़फुलझर भाजपा मंडल अध्यक्ष माधव साव, मंडल महामंत्री नरेंद्र साव, मण्डल महामंत्री प्रहल्लाद साहू, पूर्व अध्यक्ष स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना जसवंत सिंह सलूजा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़फुलझर के प्राचार्य श्यामलाल साहू, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के उपाध्यक्षगण विकास राजेश वाधवा, मोहित पटेल, कामेश बंजारा, डॉ.अरुणा अग्रवाल, मंजीत जसवंत सलूजा, लोचना गजेंद्र के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। द्वितीय व तृतीय सोपान जांच व परीक्षण शिविर का उद्घाटन भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी द्वारा शिविर में आयोजित होने वाले गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अध्यक्ष शीत गुप्ता ने स्काउट्स एवं गाइड्स के उद्देश्यों को बारे में बताते हुए कहा कि यह व्यक्ति को आदर्श, नैतिक, सदाचार एवं अनुशासनशील जीवन जीने की सीख देता है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नवयुवकों को अच्छे नागरिक बनाना होता है, इससे उनके सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक, बौद्धिक, शैक्षिक, तार्किक, आध्यात्मिक विकास के साथ अंतःकरण का विकास करना होता है, जिससे वे समाज के प्रति उत्तरदायित्व, देश प्रेम की भावना, सेवा कार्य को करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकें। इसके तहत स्काउट के आंदोलन का ज्ञान, आधारभूत तत्व, नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, यूनिफॉर्म, टोली विवरण, ध्वजारोहण की जानकारी, बीपी सिक्स, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय गीत, दीक्षा संस्कार, गांठे, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, कंपास, दिशा ज्ञान, खोज के चिन्ह, सिटी व हाथ के संकेत, पायनियरिंग, पट्टियां व स्ट्रेचर, सिग्नैलिंग, दीक्षा संस्कार, गैजेट्स के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य जागरुकता एवं सेवा कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर संचालक गिरीश कुमार पाढ़ी एएलटी स्काउट एवं कुसुम कोटक एचडब्ल्यूबी गाइड ने बताया कि प्रथम दिवस की स्थिति में बसना विकासखंड के स्काउट्स में 155, गाइड्स में 177, स्काउटर गाइडर 23 कुल 355 हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ बसना के विकास खंड सचिव डॉ. विवेकानंद दास, सहसचिव गजानंद भोई, वरिष्ठ स्काउटर पुनीत राम डड़सेना, कोषाध्यक्ष अनिल सिंह साव, जिला स्काउट्स प्रतिनिधि गिरीश गजेंद्र, प्रेमचंद साव, प्रशिक्षक दल में से शंकर सिंह सिदार, टेकलाल पटेल, हरिराम साव, गोकुल नायक, उपप्राचार्य मोहम्मद अलीम खान, जसवीर सिंह जटाल, सविता सुमन, उर्वशी नेताम, दिलीप बेहरा, सभी स्काउटर-गाइडर एवं नागरिक उपस्थित रहे। यह जांच व प्रशिक्षण शिविर 24 से 27 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

# नर्रा स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ, दुर्गा व सावित्री बनी स्मार्ट माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



शासकीय बालक कन्या प्राथमिक शाला नर्रा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में पालक व माताएं उपस्थित रही। प्रशिक्षण प्रभारी कुंती दीवान ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की जानकारी दी। शासकीय कन्या प्राथमिक शाला से दुर्गा व बालक शाला से सावित्री स्मार्ट माता बनी। जिसे ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। माताओं के लिए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रथम पावित्री यादव, दुर्गा द्वितीय एवं सावित्री तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को वाटर बैग से सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में धनेश्वरी बांसकर सहायक शिक्षिका व कुंती दीवान सहायक शिक्षिका रहीं। तत्पश्चात बालिकाओं के लिए समूह में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में पोमेंश्वरी व डिंपल समूह प्रथम, ज्योति व पूजा समूह द्वितीय, निर्मला समूह तृतीय व कोनिका समूह चौथे स्थान रहीं। निर्णायक की भूमिका में सभी पालक माताएं रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण कुमार ठाकुर, डिगम लाल साहू, मनीष कुमार यादव, कुंती दीवान विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में निर्मला, तीजबाई, उषा, कामिनी दीवान, सुनीता साहू, नीलम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डिगम लाल साहू ने किया।



## पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने पर हर्ष

**महासमुंद।** आदिवासी कंडरा कोसरिया समाज के लोगों ने कांकेर में पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलने पर खुशी जाहिर की। गोंड़ जनजाति का शासकीय कॉलेज कचना ध्रुवा महाविद्यालय गरियाबंद में होने तथा कांकेर में कंडरा समाज के राजा के नाम पर शासकीय धर्मदेव कंडरा पॉलीटेक्निक कॉलेज खुलने से संपूर्ण आदिवासी कंडरा समाज के लिए गौरवपूर्ण की बात है। उक्त जानकारी कंडरा समाज राजिम राज मीडिया प्रभारी ने दी।

# पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पठन प्रोत्साहन सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



केंद्रीय विद्यालय में पीएमश्री योजना के अंतर्गत पठन प्रोत्साहन सप्ताह का 3 चरणों में आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण 28 अगस्त से 3 सितंबर तक मनाया जा चुका है। दूसरे चरण का प्रारंभ 22 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों में पुस्तक पढ़ने की आदत एवं रुचि को बनाए रखने और बौद्धिक विकास के स्तर में वृद्धि के लिए किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी, काव्य पाठ, श्लोक पाठ, कहानी वाचन, पुस्तक चर्चा जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां पुस्तकालय विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। गतिविधियों के इस क्रम में आज प्रातः कालीन सभा में प्राथमिक कक्षाओं से रामायण पुस्तक के पात्रों का चरित्र चित्रण किया गया तथा माध्यमिक विभाग की आकृति धीवर द्वारा कबीर के दोहों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी पुस्तक प्रदर्शनी में नवीन पुस्तकों को देख अत्यन्त ही उत्साहित हुए। प्राचार्य संजय कंसल द्वारा पुस्तकों का अवलोकन किया। साथ ही लोकेश सिंह सहित अन्य शिक्षकों एवं बच्चों पुस्तक प्रदर्शनी का लाभ उठाया। उन्होंने दर्शक पंजिका में मोबाइल और व्यस्त जीवन में भी पुस्तकों की मित्रता के प्रति बहुत ही सुंदर भाव अभिव्यक्ति किए। कार्यक्रम में सीमांचल प्रधान, कांता एक्का, जीडी मिश्रा, जेके चंद्राकर, हुलसी साहू, भूमिका साहू, नील माधव सहित सभी शिक्षकों का सहयोग रहा। यह जानकारी पुस्तकालयाध्यक्ष वंदिनी जौहरी ने दी है।

# ब्लेलॉक स्कूल में मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय ब्लेलॉक स्कूल में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर विभिन्न कार्यक्रम हुए। समन्वय समिति की संरक्षक अनिता जी रावटे, निरंजना शर्मा, सहसंयोजक मीना वर्मा, हेमकांति देवांगन, महिला नेत्री उत्तरा प्रहरे सहित उपस्थित सदस्यों द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना की गई। पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से संबंधित कविता, गीत, भाषण की प्रस्तुति दी गई। अनिता जी रावटे ने अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई एक बेटी, बहू, मां, कुशल प्रशासक और सेनापति के रूप में जानी जाती है। अहिल्याबाई ने पूरे भारत में अनेक तीर्थ स्थानों में मंदिर, कुओं और सड़कों का निर्माण करवाया। साथ ही पूजा पद्धति में सुधार के साथ समाज सुधार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। अनिता रावटे ने अहिल्याबाई की 300वी जयंती वर्ष में आगामी मई 2025 तक उनके जीवन काल से संबंधित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सहसंयोजक मीना वर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर को महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बताते हुए कहा कि संघर्षों और विषम परिस्थितियों में उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते धर्म की स्थापना में अपना जीवन समर्पित किया। अपने शासनकाल में देवी अहिल्याबाई ने मंदिरों के निर्माण के साथ किसानों, भील जाति और विधवा महिलाओं के हितो की रक्षा के लिए जो काम किया उन्हीं के सम्मान में उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि दी गइी। उत्तरा प्रहरे ने अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को नमन करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के साथ समाजसेवा में लोकमाता ने अपना पुरा जीवन लगाया है। आने वाली पीढ़ियों को उनके कार्यो से प्रेरणा मिलती रहेगी, इन्ही उद्देश्यों के साथ उनकी 300वी जयंती वर्ष में अहिल्याबाई के कार्यो को जन जन तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता है। आभार संरक्षक निरंजना शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पार्षद माधवी सिका, सुनीता साहू, भगवती करकसे, सारिका यादव, प्राचार्य कुमुद ठाकुर, रचना दीवान, खुशबू साहू, भेनी पटेल, हेमंत दीवान आदि मौजूद रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट
■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411